संदेश

होली के शुभ अवसर पर, मैं देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को शुभकामनाएं देती हूं।

उल्लास, उमंग और राग-रंग का प्रतीक होली का पर्व हमारे जीवन में आशा और उत्साह का संचार करता है। होली के असंख्य रंगों की तरह हमारा देश भी विविधता से परिपूर्ण है। यह त्योहार हमारे देशवासियों में प्रेम, एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने का संदेश देता है।

मेरी कामना है कि रंगों का यह त्योहार सबके जीवन में खुशियां लेकर आए और हम सब को राष्ट्र निर्माण में अधिक उत्साह से कार्य करने के लिए प्रेरित करे।

****